पत्रांक BSEB/OFSS/112/23

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

प्रेषक,

**संयुक्त सचिव (OFSS)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

सेवा में,

**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार**

पटना, दिनांक 08/08/2023

**विषय :– OFSS के माध्यम से +2/इण्टर कक्षा में स्पॉट नामांकन (Spot Admission) के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा दिनांक 27.06.2023 को प्रथम चयन सूची, दिनांक 18.07.2023 को द्वितीय चयन सूची एवं दिनांक 31.07.2023 को तृतीय एवं अंतिम चयन सूची जारी की गयी थी।

2. तृतीय एवं अंतिम चयन सूची के आधार पर नामांकित विद्यार्थी के Updation के बाद विभिन्न विद्यालयों/महाविद्यालयों के विभिन्न संकायों में जो सीटें रिक्त रह जायेंगी, उन सीटों के लिये स्पॉट नामांकन (Spot Admission) की प्रक्रिया है, जिसके तहत विद्यार्थी OFSS पोर्टल से आवेदन पत्र की प्रति Download कर संबंधित विद्यालय/महाविद्यालय में जमा करेंगे।

3. स्पॉट नामांकन (Spot Admission) हेतु निम्नांकित तीन श्रेणी के विद्यार्थी हो सकते हैं :–

(क) वैसे विद्यार्थी, जिनका चयन तृतीय चयन सूची (Third Selection List) में भी नहीं हुआ है, अथवा

(ख) वैसे विद्यार्थी, जिन्होंने अभी तक OFSS के माध्यम से आवेदन नहीं दिया है, या

(ग) वैसे विद्यार्थी, जिन्होंने OFSS में चयन होने के पश्चात् भी नामांकन नहीं लिया था।

4. उक्त कंडिका–3 में अंकित विद्यार्थीगण विभिन्न विद्यालयों/महाविद्यालयों में स्पॉट नामांकन (Spot Admission) हेतु OFSS पोर्टल से आवेदन पत्र का प्रिंट निकालकर दिनांक 10.08.2023 से 15.08.2023 के बीच जमा करेंगे। ऐसे विद्यालय/महाविद्यालय जिनमें तृतीय चयन सूची में चयनित विद्यार्थियों के नामांकन के पश्चात् सीटें रिक्त रह गयी हैं, वैसे विद्यालय/महाविद्यालय स्पॉट नामांकन (Spot Admission) के माध्यम से नामांकन लेने हेतु निम्न प्रक्रिया अपनायेंगे:–

i. संबंधित संस्थान के प्रधान को आवेदकों से स्पॉट नामांकन (Spot Admission) के आवेदन पत्र को प्राप्त करने हेतु विद्यालय/महाविद्यालय में दिनांक 10.08.2023 से 12.08.2023

[illegible] काउंटर की व्यवस्था करना होगा, जहां पर आवेदन पत्र जमा करने के पश्चात् संबंधित विद्यालय/महाविद्यालय द्वारा पावती रसीद संबंधित आवेदक को दी जायेगी।

ii. आवेदन जमा करने के पश्चात् संबंधित विद्यालय/महाविद्यालय दिनांक 13.08.2023 को स्पॉट नामांकन (Spot Admission) की चयन सूची प्रकाशित करेंगे एवं उसकी प्रति विद्यार्थियों की सूचना हेतु सूचना पट पर कम से कम तीन स्थानों पर प्रदर्शित करेंगे।

iii. यदि संभव हो, तो चयन संबंधी सूचना विद्यार्थियों को E-mail एवं SMS के माध्यम से भी भेजी जा सकती है, किन्तु यदि विद्यार्थियों को E-mail एवं SMS भेजना संभव न हो तो दिनांक 13.08.2023 को अपने विद्यालय/महाविद्यालय में कम से कम तीन स्थानों पर स्पॉट नामांकन हेतु चयन सूची प्रदर्शित किया जाय।

iv. ऐसी संभावना है कि एक विद्यार्थी अपने नामांकन की संभावनाओं को देखते हुये एक से अधिक विद्यालय/महाविद्यालय/संकाय में स्पॉट नामांकन (Spot Admission) हेतु आवेदन पत्र भरेंगे। अतः अगर विद्यालय/महाविद्यालय/संकाय में उपलब्ध रिक्त सीटों से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो विद्यालय/महाविद्यालय द्वारा दिनांक 13.08.2023 को ही एक प्रतीक्षा सूची भी प्रकाशित की जायेगी ताकि आवश्यकता होने पर प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों का भी नामांकन लिया जा सके।

v. जिन विद्यार्थियों का चयन स्पॉट नामांकन (Spot Admission) के माध्यम से संबंधित विद्यालय/महाविद्यालय में होगा उनका नामांकन संबंधित विद्यालय/महाविद्यालय द्वारा दिनांक 13.08.2023 से 15.08.2023 तक लिया जा सकेगा।

vi. नामांकन कराने के पश्चात् संबंधित विद्यालयों/महाविद्यालयों के प्रधान नामांकित विद्यार्थियों की सूची OFSS पोर्टल पर दिनांक 16.08.2023 तक Update किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

नोटः— पूरी नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात् OFSS पोर्टल दिनांक 18.08.2023 से बन्द कर दिया जायेगा।

कृपया इसे अति आवश्यक समझा जाय।

ह० 8.8.23

**संयुक्त सचिव (OFSS)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांक— BSEB/OFSS/112/23 /पटना, दिनांक— 08/08/23

प्रतिलिपिः— 1. सभी प्राचार्य, सरकारी/गैर सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय, इण्टर महाविद्यालय/सम्बद्धता प्राप्त डिग्री महाविद्यालय एवं अंगीभूत डिग्री महाविद्यालय, बिहार को सूचनार्थ एवं प्रेषित।

ह० 8.8.23

**संयुक्त सचिव (OFSS)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना